हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर


## चार माह तक सृष्टि का संचालन भगवान शिव के हाथों में



किवदंती है कि देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु या तो सो जाते हैं या एकाग्रता या योग निद्रा की गहरी अवस्था में चले जाते हैं। भगवान विष्णु चार महीने बाद प्रबोधिनी एकादशी या देवउठनी ग्यारस पर जागते हैं। इस दौरान सृष्टि का संचालन भगवान शिव के हाथों में आ जाता है। चार महीनों की इस अवधि को चातुर्मास कहा जाता है। व्रत, भक्ति और शुभ कर्म के यह 4 महीने ध्यान और साधना करने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान शारीरिक और मानसिक स्थिति तो सही होती ही है, साथ ही वातावरण भी अच्छा रहता है।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर डीलर अदा करेगा 10 लाख की क्षतिपूर्ति

**जगदलपुर।** 1जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण में आवेदक को एमवीटी आयशर ट्रैक्टर डीलर कोंडागांव द्वारा 10 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति करेगा। साथ ही आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ की ओर से 10 हजार रूपए का जुर्माना अर्थदंड से भी दंडित किया गया है।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के सचिव स्वामी व्यापत्तानंद द्वारा आश्रम में कृषि कार्य करने के लिए ट्रैक्टर में लगाए जाने वाला बैकोलोडर शेष पेज 10 पर

### नाबालिग लड़की गायब अपहरण का मामला दर्ज

**कांकेर।** कांकेर थाना क्षेत्र के खपरापारा में नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने का मामला सामने आया है। सुचना सिन्हा ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें कहा कि उसकी नाबालिग पुत्री को अपहरण कर लिया गया है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे खपरापारा निवासी 39 वर्षीय सुचना सिन्हा पति राजेन्द्र सिन्हा ने पुलिस को बताया की मेरे दो बच्चे है। मेरी बड़ी लड़की पलक सिन्हा जो केन्द्रीय विद्यालय सिगारभाट कांकेर के कक्षा आठवी मे पढ़ाई कर रही है। 15 जुलाई की रात 10 बजे घर में किसी को बिना बताए कही चली गई। आसपास शेष पेज 10 पर

# शयन एकादशी पर गाय दूध और पंचामृत से हुआ भगवान का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

स्थानीय बालाजी मंदिर में बुधवार को शयन एकादशी के अवसर पर श्री बालाजी मंदिर में अभिषेक विधान संपन्न हुआ। मंदिर परिसर स्थित भगवान श्री बालाजी, माता श्री लक्ष्मी, माता भूदेवी, प्रथम पूज्य श्री गणेश और गरुड़ देव की प्रतिमाओं का दूध और पंचामृत से अभिषेक किया गया।

संपन्न हुए विशेष पूजा विधान के संदर्भ में जानकारी देते मंदिर के प्रधान अर्चक श्रीकांत आचार्य ने बताया कि देवशयनी एकादशी को आषाढ़ी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है और यह हिंदू चंद्र माह आषाढ़ के शुक्ल पक्ष के 11वें दिन आती है। सनातन संस्कृति में इस एकादशी का विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता है कि भगवान विष्णु आज से 4 महीने की योग निद्रा में लीन हो जायेंगे। कार्तिक एकादशी तक भगवान का चातुर्मास शयनकाल होगा

### आज से 4 महीने की योग निद्रा में लीन हो जाएंगे प्रभु



इस दौरान जप- तप, पूजा, उपासना करने वाले भक्त भगवान के विशेष कृपा पात्र बनते हैं। श्री बालाजी टेंपल कमेटी के अध्यक्ष ए वीरराजु व उपाध्यक्ष रविभूषण राव ने बताया कि अभिषेक विधान में शहर के भक्तों के साथ साथ दीगर ज़िलों और पड़ोसी राज्यों के भक्तगण भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। भक्तों ने पूजा के बाद मंदिर में आयोजित भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। बस्तर ज़िला आंध्र समाज के अध्यक्ष जयंत नायडू एवं सचिव शेष पेज 10 पर

**हादसे :** तीन दिन पूर्व घर से निकली थी ओडिशा की रहने वाली महिला

# अलग-अलग ट्रेन दुर्घटना में एक बुजुर्ग महिला की मौत, युवक के दोनों पैर कटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दो अलग- अलग ट्रेन हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई तो युवक के दोनों पैर कट गए हैं। महिला के शव का पोस्टमार्टम कर परिजन को सौंप दिया गया है। युवक का अस्पताल में इलाज किया जारी है। पुलिस ने दोनों मामले की विवेचना शुरू दी है।

पुलिस के अनुसार बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित करकापाल रेलवे क्रासिंग के करीब एक वृद्ध महिला की ट्रेन से टकराने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मानसिक रूप से बीमार महिला तीन दिन पूर्व ओडिशा के बोरगांव स्थित अपने घर से निकली थी लेकिन घर नहीं पहुंचने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। ट्रेन की चपेट में आकर मौत होने की खबर पर पुलिस ने मौके में पहुंच शव को पंचनामा के बाद पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया था। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों में महिला के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा था इसी बीच सूचना मिलने पर





उसके परिजन मौके पर पहुंच उसकी शिनाख्त जमुना बिसाई 70 वर्ष निवासी बोरगांव नवरगंपुर ओडिशा के रूप में की। परिजनों के मुताबिक वह रविवार सुबह 5 बजे घर से निकली थी। परिजन सोच रहे थे कि वह खेत गई होगी। इससे पूर्व भी वह धान रोपाई काम से जाती थी लेकिन उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और बीच बीच में उसकी याददाश्त चली जाती थी। संभवतः इसी के चलते वह गांव से निकलने के बाद बस्तर के करकापाल इलाके में पहुंच गई थी। बहरहाल पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

## मालगाड़ी के सामने युवक ने लगाई छलांग, गंभीर

**जगदलपुर।** बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित गीदम मार्ग रेल लाइन के करीब बुधवार दोपहर एक युवक मालगाड़ी के सामने छलांग लगा दी। हादसे में युवक के दोनों पैर कटकर अलग हो गया। घटना की जानकारी लगते ही आरपीएफ की टीम व बोधघाट पुलिस के साथ ही 108 की टीम मौके पर पहुंच घायल को उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बताया जा



रहा है कि घटना में युवक का पैर कटकर अलग हो गया। इसकी जानकारी लगते ही आरपीएफ पुलिस के साथ ही 108 व पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर घायल युवक को शेष पेज 10 पर

# हाइब्रिड बीज में किसानों को ज्यादा रुचि, बस्तर में बुआई से ज्यादा रोपा में जुटे किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अंचल में किसान धान के साथ-साथ लाभकारी फसल पर ज्यादा रुचि ले रहे हैं। खासकर सब्जी व मक्का फसल का रकबा में एकाएक वृद्धि हुई है। हालांकि बस्तर का मुख्य फसल आज भी धान है कारण यहां धान फसल 1 लाख 17 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में उत्पादन किया जाता है। किसानों के मुताबिक बस्तर में लगभग 60 फीसदी क्षेत्र में बुआई होने की पुष्टि कर रहे है जबकि कृषि विभाग 87.95 प्रतिशत बुआई पूरा किये जाने का दावा कर रहा है। अन्य प्रांतों की तर्ज पर यहां के किसान भी आधुनिक फसल पर जोर देने लगे है। यही कारण है,कि धान फसल में बुआई का रकबा लगातार कम हो रहा है जबकि रोपा ज्यादा क्षेत्रफल में किया जा रहा है। बस्तर जिले के 7 ब्लाक में बास्तानार, दरभा का अधिकांश क्षेत्र जबकि तोकापाल और लोहंडीगुड़ा के आशिंक क्षेत्र में किसान बुआई कर रहे है। जबकि जगदलपुर ब्लाक में बुआई 25 प्रतिशत और रोपा 75 प्रतिशत शेष पेज 10 पर




**खबर संक्षेप**

### सामुदायिक भवन में आज होगा दिव्यांग शिविर का आयोजन

**फरसगांव।** नगर के सामुदायिक भवन में 18 जुलाई गुरुवार को प्रातः 11.00 बजे से दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जाएगा । इस शिविर में विकासखण्ड फरसगांव के समस्त ग्रामों से दिव्यांगजन सम्मिलित होंगे। शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। उसके पश्चात चिकित्सकों के अनुशंसा के आधार पर दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण ट्रायसिक, बैसाखी, श्रवण यंत्र, छड़ी, व्हीलचेयर इत्यादि, कृत्रिम हाथ, पैर इत्यादि का वितरण किया जाएगा।

### जिला मुख्यालय सहित विखं मुख्यालयों में प्लेसमेंट कैंप 2 से

**कोण्डागांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोंडागांव द्वारा 29 जुलाई से 2 अगस्त तक जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से सिक्युरिटी गार्ड के 382, सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 25 और सीसीटीवी ऑपरेटर के 10 पदों पर भर्ती की जाएगी। सिक्युरिटी गार्ड के लिए आठवीं दसवीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। इसके साथ ही सिक्युरिटी सुपरवाइजर के पद पर स्नातक एवं एनसीसी में सी सर्टिफिकेट प्राप्त सीसीटीवी ऑपरेटर के लिए कंप्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमाधारी युवा शामिल हो सकते हैं। प्लेसमेंट कैंप का आयोजन सोमवार 29 जुलाई को जनपद पंचायत केशकाल, मंगलवार 30 जुलाई को जनपद पंचायत माकड़ी, बुधवार 31 जुलाई को जनपद पंचायत बड़े राजपुर, गुरुवार 1 अगस्त को जनपद पंचायत फरसगांव और शुक्रवार 2 अगस्त को लाईवलीहुड कॉलेज कोंडागांव में किया जाएगा।

### बाइक सवारों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर

**धमतरी।** घर लौट रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार वाहन ने ठोकर मार दी। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम बांसपानी निवासी नागेश्वर नेताम पिता गुलाबराम उम्र 21 वर्ष व ग्राम गोरसानाला निवासी रूपेश नेताम पिता बंशीराम उम्र 20 वर्ष धमतरी के भवन निर्माण ठेकेदार के पास मिस्त्री का काम करते थे। मंगलवार को बारिश होने के कारण उनका काम नहीं लग पाया। काम नहीं लगने से नागेश्वर अपने ठेकेदार से कुछ रुपए मांगकर रूपेश के साथ बाइक से नगरी मार्ग होते हुए वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम सियादेही के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को ठोकर मार दी। घटना में दोनों युवक घायल हो गए। नागेश्वर को गंभीर चोट आई। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद नागेश्वर को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रूपेश को प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में

# नारायणपुर के ग्राम करलखा में हुआ डाक चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मंगलवार को अबूझमाड़ उपसंभाग के ग्राम करलखा में डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस मौके पर डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं ग्रामीण डाक सेवक की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ज्ञात हो डाक विभाग के द्वारा आमजन के हित में एक पहल शुरू की गई है. इस पहल से आम जन को काफी सुविधा प्राप्त हो रही है। यह आयोजन नारायणपुर छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल रायपुर व अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग के निर्देशानुसार हुआ।

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीके जायसवाल सहायक डाक अधीक्षक अबूझमाड़, उपसंभागीय निरीक्षक सुभाष भुआर्य, प्रीतम गुप्ता मैनेजर इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, कृष्णा मंडावी प्रधान पाठक, धरोत्तम देहारी ग्राम सेवक, अधारी राम सरपंच, नितेश्वरी यदु, मिथिलेश यदु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



**डाकघर में तमाम सुविधाएं उपलब्ध**

इस चौपाल के माध्यम से डाक विभाग हर घर के लोगों को जोड़ रहा है। ताकि एक भी घर डाक विभाग से वंचित न रह जाए और ना ही डाक विभाग के किसी भी योजना से वंचित रहे। डाकघर में तमाम सुविधा उपलब्ध है। जिसमें आधार, छोटी बचत योजनाओं, 555 रु में 10 लाख का दुर्घटना बीमा, 755 में 15 लाख का दुर्घटना बीमा, ऋण सुविधा, वाहन बीमा, बच्चों के स्कालरशिप खाते, मनरेगा खाते, महतारी वन्दन योजना के खाते, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, आधार में मोबाईल नम्बर लिंक करवाना, सुकन्या समृद्धि योजना के खाते, वरिष्ठ नागरिक खाता सहित सभी उम्र वर्ग एवं आय वर्ग के लिए बचत की अनेक योजनाएं शामिल है।

**आयोजन : विशेष ग्रामसभा लगाकर संबंधित विभागों का लगा रहे शिविर**

# मधुमेह, उच्च रक्तचाप, टीबी और एनीमिया का परीक्षण, गर्भवती महिलाओं का हो रहा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नीति आयोग द्वारा संपूर्णता अभियान के तहत चयनित 6 संकेतकों को आगामी तीन माह में संतृप्ति के लिए आकांक्षी विकासखंड माकड़ी में लगातार विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर संबंधित विभागों का शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा मधुमेह, उच्च रक्तचाप, टीबी, एनीमिया का परीक्षण तथा गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में प्रसव पूर्व पंजीयन व स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भी गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण आहार व कृषि विभाग द्वारा पीएम किसान पंजीयन तथा अन्य सेवाएं प्रदान किया जा रहा है।

- माकड़ी विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में मनाया गया संपूर्णता अभियान उत्सव



इस कड़ी में सोमवार को 6 ग्राम पंचायत क्रमशः बीजापुर, धारली, कुरलू बहार, हुक्का बेड़ापाथरी तथा छतौड़ी में व मंगलवार को बागबेड़ा में संपूर्णता अभियान उत्सव का आयोजन किया गया। यहां पर स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा कृषि विभाग से संबंधित संकेतकों तथा योजनाओं की संतृप्ति के लिए हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि अब तक आकांक्षी विकासखंड माकड़ी के 67 ग्राम पंचायतों में से 19 ग्राम पंचायत में इसका आयोजन किया जा चुका है। लगातार अन्य ग्राम पंचायत में इसका आयोजन किया जाएगा ताकि समय पूर्व ही संतृप्तता के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

**आयोजनों में हितग्राही हो रहे लाभांवित**

संपूर्णता अभियान उत्सव का आयोजनों में हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। चयनित 6 संकेतकों को लेकर हितग्राहियों से चर्चा कर उन्हें लाभ पहुंचाया जा रहा है। संकेतकों तथा योजनाओं की संतृप्ति के लिए हितग्राहियों को लाभांवित किया जा रहा है। बताया जा रहा है आयोजनों के दौरान अफसर-कर्मी लोगों से चर्चा कर आवश्यक जानकारी भी लेते हैं। इसके बाद उन्हें संकेतकों के अनुरुप लाभ दिया जाता है। स्वास्थ्य परीक्षण सहित अन्य कार्य भी हो रहे हैं।

# तीन दिनों से लापता ग्रामीण का जोबा नाला में मिला शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

जिले के अनन्तपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत के ग्राम बेडागांव लापता ग्रामीण का शव जोबा नाला में मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम बाद परिजनों को सौंपकर जाँच कर रही है।

- अनंतपुर पुलिस ने किया मर्गकायम
- शौच जाने निकला था, फिर हो गया था लापता

जानकारी अनुसार ग्राम बेड़ागाँव निवासी लखपति यादव 13 जुलाई को अपने बच्चों के साथ खेत गया हुआ था। इस दौरान वह शौच जाने निकला और लापता हो गया। परिजनों के द्वारा खोजबीन की गई लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तो परिजनों के द्वारा अनन्तपुर थाने में आकर लापता होने का रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। रिपोर्ट के कुछ ही देर बाद सूचना मिली कि जोबा नाला में पानी मे एक व्यक्ति की लाश मिली है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकाला। मृतक की पहचान लापता हुए लखपति यादव पिता प्रह्लाद यादव के रूप में की। तीन दिनों से शव पानी मे रहने के चलते सड़ने लगा था।

पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है ।

# माकड़ी विकासखंड के स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नीति आयोग द्वारा संपूर्णता अभियान के तहत चयनित 6 संकेतको की आगामी तीन माह में संतृप्ति के लिए आकांक्षी विकासखंड माकडी में लगातार विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस कड़ी में शिक्षा विभाग द्वारा भी जन जागरूकता तथा स्कूली बच्चों में इस अभियान की समझ स्थापित करने के लिए मिडिल, हाई स्कूल तथा हायर सेकेण्डरी स्कूलों में निबंध, नारा लेखन तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न छात्र–छात्रओं ने भाग लेकर संपूर्णता अभियान उत्सव को सफल बनाने का संदेश दिया तथा इस अभियान में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।



# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसलों की बीमा होगा 31 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों की फसलों का बीमा किए जाने का काम शुरू हो गया है। फसल बीमा योजना के तहत खरीफ की फसलों का बीमा किया जा रहा है। बीमा कराने के लिए अंतिम तारीख 31 जुलाई तय की गई है। बारिश के मौसम में प्राकृतिक आपदा – सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि आपदाओं के कारण कई बार फसल तबाह हो जाती है। इन्हीं आपदाओं से होने वाले नुकसान की पूर्ति के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का बीमा मदद करता है। खरीफ वर्ष 2024 के तहत जिले में अधिकाधिक किसानों से बीमा कराने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया गया है।

उद्यानिकी अधिसूचित खरीफ मौसम की फसलें टमाटर, बैगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता एवं अमरूद निर्धारित है बीमा हेतु टमाटर के लिए 6,000 रुपए प्रति हेक्टेयर, बैंगन के लिए 3,850 रुपए प्रति4 हेक्टेयर, मिर्च के लिए 3,400 रुपए प्रति हेक्टेयर, अदरक के लिए 7,500 रुपए प्रति हेक्टेयर, केला के लिए 4,250 प्रति हेक्टेयर, पपीता के लिए 4,350 रुपए प्रति हेक्टेयर एवं अमरूद के लिए 2,250 रुपए प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि प्रदान करना होगा।

**पंजीयन के लिए जरूरी कागजात :** फसल बीमा पंजीयन के लिए कृषकों द्वारा आधार कार्ड, राजस्व अभिलेख, बैंक खाता, वन पट्टा के अभिलेखों की जरूरत होगी। इन अभिलेखों के आधार पर लोक सेवा केन्द्र, कृषि सेवा सहकारी समिति, ऑनलाईन पंजीयन, बैंक, विभागीय मैदानी अमला, भारतीय कृषि बीमा कम्पनी अभिकर्ता से फसल बीमा करा सकते हैं।

# मातागुड़ी, देवगुड़ी गोटूल आदि धरोहरों के आसपास किया जा रहा पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

पर्यावरण के संरक्षण के साथ ही सौन्दर्यीकरण के लिए कोण्डागांव जिले अंतर्गत मातागुड़ी, देवगुड़ी, गोटुल, प्राचीन मृतक स्मारक धरोहर स्थलों के आस–पास पौधारोपण कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर मातागुड़ी, देवगुड़ी, गोटुल, प्राचीन मृतक स्मारक धरोहर स्थलों के आसपास फलदार, छायादार पौधे जैसे आम, अमरूद, जामून, नीम आदि पौधों का



रोपण किया जा रहा है। पौधारोपण के अवसर पर ग्राम प्रमुख, बैगा, पुजारी, पटेल एवं जनप्रतिनिधियों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जा रहा है।

# मोहर्रम पर बस स्टैंड में राहगीरों को खीर का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

मोहर्रम पर बड़ौद में मातमी धुनों के साथ हजरत इमाम हुसैन को याद किया गया। मोहर्रम के अवसर पर बुधवार को नगर के मुस्लिम समुदाय द्वारा नगर के बस स्टैंड में हजरत इमाम हुसैन की याद में राहगीरों,नगरवासियों को खीर का वितरण किया गया । इस दौरान इमाम हुसैन का 10 दिवसीय पर्व पर नगर में ताजियादारी का जज्बा देखने को मिला। इस दौरान नगर में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे ।



**एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की चर्चा, स्कूल का पूर्ववत समय 10.30 बजे से 4.30 बजे हो**

# सीएम से शिक्षक एलबी संवर्ग को पूर्व सेवा से पुरानी पेंशन देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शिक्षक एलबी संवर्ग को उनके प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन देने व क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करने का ज्ञापन देकर विस्तृत चर्चा की गई।

छग टीचर्स ऐसोसिएशन सुकमा के जिला अध्यक्ष आशीष राम ने बताया कि शिक्षक एलबी संवर्ग की समस्या को लेकर प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से गत दिवस उनके निवास में मिलकर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने उन्हें अवगत कराया कि हमारे पूर्व के नियुक्त शिक्षक साथी बिना पेंशन के सेवानिवृत्त हो रहे है। संविलियन के समय से कुल सेवा हेतु 10 वर्ष पूर्ण नही होने के कारण वे पुरानी पेंशन के लिए पात्र नहीं हो रहे हैं। यह स्थिति 2028 तक सेवा निवृत्त होने वाले सभी शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए होगा। रिटायर होने वाले शिक्षक

- शिक्षकों की पदोन्नति, क्रमोन्नति, वेतन विसंगति, कैशलेस चिकित्सा आदि मांगों पर भी हुई चर्चा



एलबी संवर्ग को न तो पुरानी पेंशन का लाभ मिल रहा है और न ही नए पेंशन का फायदा है, वे खाली हाथ घर बैठने मजबूर होते है।

शिक्षक एलबी संवर्ग के सम्बंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर मांग किया गया जिसमें पूर्व सेवा शिक्षाकर्मी पद पर प्रथम नियुक्ति के आधार पर पुरानी पेंशन हेतु कुल सेवा अवधि की गणना किया जाए। पेंशन निर्धारण हेतु अर्हकारी सेवा केंद्र सरकार, उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड सरकार की तरह 33 वर्ष के स्थान पर पूर्व सेवा अवधि से 20 वर्ष किया जाए। मध्यप्रदेश की तरह पूर्व सेवा अवधि (प्रथम नियुक्ति तिथि) के आधार पर क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जाए। प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक मिडिल, प्रायमरी, शिक्षक के रिक्त सभी पदों पर पदोन्नति शीघ्र किए जाने का पक्ष रखा गया। सीजीपीएफ में 12 प्रतिशत से अधिक राशि की स्वैछिक कटौती किए जाने का पक्ष रखा गया। सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने हेतु चर्चा किया गया। देय तिथि से लंबित महंगाई भत्ता, कैशलेश ईलाज, युक्तियुक्तकरण, स्थानांतरण, ऑनलाइन अवकाश, एक पाली के शाला का समय सुबह 10.30 से अपरान्ह 4.30 तक करने, पदोन्नत शिक्षकों को वेतन देने के विषय पर चर्चा किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों की पुरानी पेंशन सहित सभी विषय की चर्चा को गंभीरता से लेते हुए कहा कि सभी मांगों को दिखवाकर निर्णय लेंगे।

**ये रहे उपस्थित**

मुख्यमंत्री से मुलाकत करने वाले प्रांतीय पदाधिकारी और जिला अध्यक्षगण प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में मुलाकात किए। सुकमा जिले के पदाधिकारियों ने इस मांग का समर्थन किया। जिसमें आशीष राम जिला अध्यक्ष, राजेश यादव प्रांतीय पदाधिकारी, उमेंद गोटी प्रांतीय पदाधिकारी, चैतु राम सेठिया जिला संयोजक, किरण मरकाम जिला उपाध्यक्ष, राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा जिला सचिव, सोन सिंह कश्यप कोषाध्यक्ष, राजेंद्र जैन, कोमल देव मरकाम ब्लॉक अध्यक्ष, दुजाल पटेल ब्लॉक अध्यक्ष, मनोज पोया, अशोक मिस्त्री, नरेंद्र धुर्वे, निखिल सुना, सत्यवान ओटी, शंकर लाल नेताम, आकाश कनोजिया, फिरोज खान, जगदीश राय, अनुपम मसीह, रूपेश समरथ, अनुपमा नाग, लक्ष्मी यादव, संतोष सोरी, सच्चावति नाग एवं पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## पेज 9 के शेष

### शयन एकादशी पर...

सुब्बाराव ने बताया कि आषाढ़ माह के ग्यारहवें दिन श्रद्धालु देवशयनी एकादशी मनाते हैं जिसे आषाढ़ी एकादशी, शयनी एकादशी या थोली एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। शयन एकादशी को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और दुनिया भर में रहने वाले तेलुगु भाषियों द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है, जिसे थोली एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस साल थोली एकादशी 17 जुलाई को मनाई जा रही है।

### मालगाड़ी के सामने ...

अस्पताल भिजवाया। पुलिस के मुताबिक दोपहर को मालगाड़ी के ड्राइवर ने आरपीएफ को सूचना दिया कि एक युवक मालगाड़ी के सामने कूद गया है सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंच पुलिस ने युवक को उपचार के लिए एम्बुलेस से रवाना किया। युवक के पास से मिले मोबाईल से उसकी पहचान राजेश मिश्रा 37 वर्ष निवासी गीदम रोड के रूप में हुई है।

पुलिस का मानना है कि युवक ने सुसाइड करने के इरादे से ही ट्रेन के सामने छलांग लगाई है। मौके पर जब पुलिस पहुंची तो युवक का पैर कटकर अलग हो गए थे। वह पटरी के दूसरी ओर गिरा पड़ा हुआ था। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक का उपचार मेडिकल कॉलेज में जारी है। वहीं परपा पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

### हाइब्रिड बीज में किसानों...

क्षेत्र में हो रहा है। यहां बताना आवश्यक है कि धान उत्पादन मामले में बस्तर के दो ब्लाक बकावंड और बस्तर अव्वल है। इन दोनों ब्लाक के 80 फीसदी किसान रोपा तकनीक से धान का उत्पादन करते है।

रोपा में समय और खर्च की बचतः तोकापाल ब्लाक के सोनारपाल के किसान ठिबुराम, सिंघनपुर के किसान मनीराम बघेल और देउरगाव के किसान मंधर बघेल के मुताबिक बुआई से ज्यादा आसान रोपा है। इन किसानों ने बताया अत्याधुनिक खेती में अब किसान शीघ्र पैदावार पर जोर दे रहे है। इसलिए हाइब्रिड बीज को पहले नर्सरी में पलाह तैयार कर खेतों में रोपा लगाते है इससे समय और खर्च कम होता है।

दरभा बास्तानार और नानगुर क्षेत्र में बुआईः बस्तर जिले के दरभा, बास्तानार और जगदलपुर ब्लाक के नानगुर, जमावाड़ा क्षेत्र के किसान रोपा कम और बुआई पर ज्यादा भरोसा करते है। क्षेत्र के किसान जयदेव कश्यप, मानसिंह मोर्य ने बताया साहब रोपा में पैसा ज्यादा खर्च होता है कारण इस कार्य मे बड़ी संख्या में श्रमिकों की आवश्यकता होती है।

### ट्रैक्टर डीलर अदा करेगा...

सिस्टम एमवीटी आयशर ट्रैक्टर डीलर कोंडागांव के माध्यम से क्रय किया गया था। बैकोलोडर सिस्टम में आरंभ से ही आइल गर्म होने, सिस्टम के कार्य क्षमता के अनुरूप कार्य न कर पाने की समस्या थी। जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा ट्रैक्टर डीलर से किए जाने पर उसके द्वारा मैकेनिक भेज कर बैकोलोडर सिस्टम की मरम्मत करवाई गई थी। बैकोलीडर सिस्टम में उक्त समस्या विद्यमान रहने के कारण आवेदक द्वारा ट्रैक्टर डीलर से राशि वापस करने की मांग की गई थी। जिसका ट्रैक्टर डीलर द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। जिसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि आवेदक को ट्रैक्टर डीलर द्वारा त्रुटिपूर्ण बैकोलोडर प्रदान कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है।

नाबालिग लड़की गायब

### अपहरण का मामला दर्ज

व रिश्तेदारों से पुछताछ करने पर कोई पता नही चला। कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी नाबालिक बेटी को बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 137 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप

### सर्व आदिवासी समाज हुआ का पुनर्गठन




**सुकमा।** जिला सुकमा में आज सर्व आदिवासी समाज का पुनर्गठन किया गया। सभी ब्लॉक से सर्व आदिवासी समाज के लिए चयन प्रक्रिया पर चर्चा किया गया। तत्पश्चात सभी सर्व आदिवासी मूल समाज की आपसी सहमति से मनोनयन किया गया। जिसमें संभागीय सर्व आदिवासी समाज पदाधिकारियों, संभागीय सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, संभागीय कोया कुटमा समाज अध्यक्ष हिरमो मांडवी, संभागीय कोया कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष हिरमो वट्टी, संभागीय धुरवा समाज अध्यक्ष पप्पू राम नाग, सर्व आदिवासी समाज बस्तर जिला अध्यक्ष गंगा नाग, साथ सुकमा कोया समाज, धुरवा समाज, हल्बा समाज, दोरला समाज के जिला अध्यक्ष व सभी कार्यकारिणी के उपस्थिति में किया गया।
सर्व आदिवासी समाज कार्यकारिणी में सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष उमेश सुंडाम, जिला सचिव दीपक बरसे, जिला सह सचिव सुकालु बघेल, जिला कोषाध्यक्ष राजेश नाग, सर्व आदिवासी समाज महिला प्रभाग अध्यक्ष संजना नेगी, सचिव निशा नाग, सह सचिव संगीता करटम, सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग अध्यक्ष लच्छू नाग, सचिव भीमा सोढ़ी, सह सचिव धनीराम नाग का मनोनयन सर्व सहमति से किया गया।

### सौर शक्ति से होगी कृषि उत्पादकता में वृद्धि

**दंतेवाड़ा।** सौर किरण ऊर्जा के गैर परंपरागत एवं नवीनीकरण योग्य स्त्रोतों का सर्वाधिक प्रमुख माध्यम है जिसमें सोलर फोटोवोल्वोटाइक सेल की मदद से सौर किरणों को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है। और अब इस ऊर्जा एवं आधुनिक कृषि तकनीक के मेल से कृषि उत्पादकता में वृद्धि कर जिले के कृषकों को लाभान्वित करने के प्रयास किये जा रहे है इस क्रम में गीदम ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम बड़े तुमनार में लगभग 27 लाख रुपये लागत का सोलर फार्म स्टेशन स्थापित किया गया है। इस सोलर फार्म स्टेशन से कृषक पंपों का ऊर्जीकरण करके न केवल सिंचाई क्षमता को बढ़ाया जायेगा बल्कि इसके द्वारा विभिन्न प्रकार आधुनिक कृषि मशीनरी जैसे थ्रेसर और बीडर जैसे उपकरण भी संचालित होगें।

### प्रभारी मंत्री ने एकलव्य विद्यालय में किया पौधरोपण



**बीजापुर।** एक दिवसीय प्रवास के दौरान मंगलवार को छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास सहकारिता, संसदीय कार्य तथा बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने भैरमगढ़ के एकलव्य विद्यालय में पौध रोपण किया एवं 500 से अधिक पौधों का हितग्राहियों को निःशुल्क वितरण किया। इस दौरान पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, वनमंडलाधिकारी सामान्य रामाकृष्ण, उप निदेशक इंद्रावती टाईगर संदीप बल्या सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## 30 वर्षों के सामाग्री का लेखा-जोखा करने 4 सदस्य टीम गठित

# कॉलेज के पाई-पाई का अब होगा हिसाब

### प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कलेक्टर सुकमा को दिए जांच के आदेश


हिसाब के साथ-साथ गायब है किताबें
30 वर्षों से नहीं हुआ भौतिक सत्यापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

खबर का असर

अविभाजित दंतेवाड़ा जिले से संचालित सुकमा का वर्षों पुराना कॉलेज इन दिनों अव्यवस्था से जूझ रहा है। यहां पदस्थ प्राचार्यों की मनमानी इतनी कि शासन के आदेश के बजाय स्वयं के मर्जी से कॉलेज का संचालन करने लगे है। आलम यह है कि इस कॉलेज का पिछले 30 वर्षों से भौतिक सत्यापन तक नही हुआ। हरिभूमि की खबर प्रकाशन के बाद प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने कलेक्टर सुकमा को जांच के आदेश दे दिए हैं। वहीं कलेक्टर सुकमा ने संयुक्त कलेक्टर के अध्यक्षता में 4 सदस्य टीम का गठन किया है, जो आधा दर्जन बिंदुओं पर जांच करेगी। सुकमा जिला मुख्यालय स्थित शासकीय शहीद बापुराव स्नातकोत्तर महाविद्यालय एक बार फिर से सुर्खियों में है। अव्यवस्था इतनी कि राज्य शासन के नियमों के बजाय यहां वर्षों से पदस्थ कर्मचारी व बाबुओं ने व्यवस्था अपने हाथों में ले ली है। जिसके चलते यहां का हिसाब-किताब दोनों ही गायब है।

#### अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में होगी जांच

प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के निर्देश के बाद कलेक्टर हरीस एस. ने अपने आदेश क्रं. 1859, 15 जुलाई 2024 को जारी आदेश में सुकमा के अपर कलेक्टर गजेन्द्र ठाकुर की अध्यक्षता में 4 सदस्य टीम सत्यापन व अनियमितता की जांच करेगी। जारी आदेश में अपर कलेक्टर गजेन्द्र ठाकुर अध्यक्ष व एसडीएम सूरज कश्यप, जिला शिक्षा अधिकारी जीआर. मंडावी व जिला कोषालय अधिकारी प्रवीण चंद्र भगत की टीम को 7 दिवस के भीतर संपूर्ण मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

#### दस्तावेज तैयार रखने के निर्देश : प्राचार्य

सुकमा कॉलेज के प्राचार्य पीके.दास ने जांच आदेश की पुष्टि करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के बाद संबंधित कर्मचारियों को सभी दस्तावेजों को तैयार रखने के निर्देश दिये गये है।

#### 30 वर्षों से नही हुआ था भौतिक सत्यापन

*सुकमा स्थित वर्षों पुराने इस कॉलेज का इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है, जहां शासन के द्वारा भेजी जाने वाली करोड़ों की सामाग्री का कोई हिसाब-किताब नही है। यहां के कम्प्यूटर उपकरणों से लेकर टीव्ही व अन्य लाखों की सामाग्री किसी के घर तो किसी के दुकान तक पहुंच गई है। इसके पीछे मुख्य कारण पिछले 30 वर्षों से यहां का भौतिक सत्यापन का न होना है। महाविद्यालय के अनुपयोगी सामाग्री का भौतिक सत्यापन कर अपलेखन पिछले 35 वर्ष से नहीं हुआ जो कि गंभीर विषय है।*

#### प्रभारी मंत्री ने गंभीरता से दिए जांच के आदेश

*जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने शासकीय शहीद बापुराव स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुकमा में व्याप्त अनियमितता व 30 वर्षों से सत्यापन न होने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर सुकमा को 14 जुलाई के अपने सुकमा प्रवास के दौरान जांच के आदेश दिये थे। जिस पर कलेक्टर सुकमा ने बिना किसी विलंब के चार सदस्यीय टीम गठित कर जांच कार्रवाई शुरू करने के लिए सदस्य दल को 7 दिवस के भीतर रिपोर्ट जमा करने के निर्देश जारी किये है।*

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए करें सभी आवश्यक उपाय : सांसद



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में मंगलवार को इन्द्रावती सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। सांसद ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दुर्घटना जन्य क्षेत्रों में बड़े-बड़े संकेतक बोर्ड लगाने, स्पीड ब्रेकर, रेडियम, सीट बेल्ट, हेलमेट, आवारा पशुओं को सड़क से हटाने, यातायात नियमों का पालन के लिए जनजागरूकता सहित सभी आवश्यक उपाए करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने लोक निर्माण, राजस्व, नगर पंचायत, शिक्षा एवं यातायात पुलिस के समन्वय से सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी किशन मोहर ने प्रस्तुतीकरण के जरिए जिले के दुर्घटना संभावित चौराहों-तिराहों, मोड़, संकीर्ण पुल-पुलिया आदि की जानकारी दी तथा दुर्घटना रोकने के उपायों की जानकारी दी।

गति अवरोधक, रम्बल स्ट्रीप लगाने एवं रोड मार्किंग संकीर्ण पुल का चौड़ीकरण सहित सड़कों से अतिक्रमण हटाने, अवैध पार्किंग पर कार्यवाही करने की आवश्यकताओं पर जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया सहित जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण एवं जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

#### निगरानी समिति की बैठक

बीजापुर में जिला विकास समन्वयक एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक बस्तर सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में इन्द्रावती सभाकक्ष में गत दिवस सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी एवं कलेक्टर अनुराग पाण्डेय की उपस्थिति में बस्तर सांसद महेश कश्यप द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। सांसद कश्यप ने केन्द्र शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पर्यावरण की देखभाल हम सभी का नैतिक दायित्व : प्रभारी मंत्री




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन के लिए वृक्षों की आवश्यकता सर्वोपरी है। इसलिए हम सभी को कम से कम एक पेड़ लगाकर उनकी देखभाल करना जरूरी है। आज नवोदय विद्यालय के परिसर में वृक्षारोपण के दौरान प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करते हुए कहा। प्रभारी मंत्री सहित लोकसभा बस्तर के सांसद महेश कश्यप, बीजापुर विधायक विक्रम शाह मंडावी, कलेक्टर अनुराग पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधियों एवं जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने वृक्षारोपण किया।

## सर्व आदिवासी समाज ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर

एक दिवसीय बीजापुर प्रवास पर आए जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप से सर्व आदिवासी समाज ने सौजन्य मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर मांग पत्र सौंपा।

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने बताया कि प्रभारी मंत्री केदार कश्यप और बस्तर सांसद महेश कश्यप से आज एक प्रतिनिधि मंडल मिला और विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे ज्ञापन के जिले में अंग्रेजी माध्यम हायर सेकंडरी स्कूल खोले जाने के बाद से 12वीं पूर्ण होने के बाद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय नहीं होने के कारण यहां के छात्रों की आगे की पढ़ाई बाधित हो गई है। जिले में शीघ्र अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय खोला जाए। जिले की स्वास्थ्य सेवा चरमरा गई है। जिले में रिक्त पड़े डाक्टर और नर्स के पदों को शीघ्र भरा जाए। स्थानीय भर्ती में आदिवासी समुदाय के युवाओं को शतप्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाए। जिले में



नक्सली उन्मुलन के नाम पर निर्दोष ग्रमीणों की गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए। फर्जी तरीके से गैर आदिवासियों को जारी किए गए वन अधिकार पट्टा को तत्काल निरस्त किया जाए और भोपालपटनम में जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना किया जाए। जग्गूराम तेलामी ने बताया कि नेताद्वय ने आस्वस्त किया है कि मांगों को लेकर अधिकारियों चर्चा शीघ्र पूरा करने प्रयास किए जाएंगे।

इस दौरान पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, सर्व आदिवासी समाज के जग्गूराम तेलामी, कमलेश पैंकरा, सुकूल साय तेलाम, पांडु राम तेलाम, कामेश्वर दुब्बा, पाकलू तेलम, सतीश मंडावी, अमित कोरसा, सुशील हेमला, लोकेश कुंजाम, प्रमोद ओयाम,अनंत तेलाम, श्रवण सैंड्रा सहित अन्य सदस्य गण मौजूद थे।

## खेती व किराना दुकान शुरू करके ग्राम बालूद की कमला ने तय किया तरक्की का सफर

**दंतेवाड़ा।** ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को स्वरोजगार के अनेकानेक अवसर देने के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान प्रयास अब सही मायनों में रंग ला रहे है। ग्रामीण महिलाएं भी अब इस तथ्य को भली-भांति समझ रही है कि खेती किसानी और घर गृहस्थी के काम के अलावा भी उनकी एक अलग पहचान होना समय की मांग है और यह पहचान आत्मनिर्भर एवं आर्थिक सशक्तिकरण से ही संभव है। इसी के बदौलत ही वे बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के खर्च और परिवार के अन्य जरूरतें पूरा करने में हाथ बंटा सकती है। इस क्रम में जिला मुख्यालय से 3 किमी दूरी में बसे ग्राम पंचायत बालूद में निवासरत कमला ठाकुर एवं उनका परिवार अपने जीवन यापन के लिए परंपरागत खेती से ही जुड़ा हुआ था। फिर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के जरिये उन्होंने दिव्या स्व सहायता का गठन किया। इस समूह में अधिकतर सभी 10 महिलाएं निर्धन परिवार से संबंधित थी और सभी महिलाएं गृहिणी ही थी। इन महिलाओं को सीआरपी. दीदीयों के द्वारा बिहान योजना के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गई।



# तारलागुड़ा में लाल पानी से प्यास बुझा रहे 4 पोटाकेबिन के 500 बच्चे

### एक साल से खराब पड़ी फिल्टर मशीन | मौत की घटनाओं के बाद भी सबक नहीं लिया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपालपटनम

तारलागुड़ा में संचालित रेसिडेंशियल कन्या आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन व बालक आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन,एवं आरएमएसए बालक-बालिका पोटाकेबिन के सैकड़ो बच्चे दूषित पानी पीने के लिए मजबूर हैं। यहां लगे हैंडपंपो में लाल पानी आता है इसके अलावा बच्चों के लिए पीने के पानी का दूसरा कोई विकल्प नहीं हैं। कन्या पोटाकेबिन में पदस्थ अनुदेशकों ने बताया कि फिल्टर प्लांट लगा हुआ हैं जिससे पानी फिल्टर होकर साफ सुथरा मिलता था मगर वह भी तकरीबन 1 साल से खराब पड़ा हुआ हैं। जिसके चलते बच्चों को बोर से निकलता आयरन पानी पीना पड़ रहा है।

इस इलाके मे रह रहे चार पोटाकेबिन के तक़रीबन 500 से अधिक बच्चो को आयरन पीना पड़ रहा है। और स्वास्थ्य पर



इसका विपरीत प्रभाव भी पड़ रहा है बच्चे इस दूषित पानी को पीकर बीमार भी पड़ रहे हैं। कन्या पोटाकेबिन मे लगभग 250 बच्चे अध्ययनरत हैं वही बालक पोटाकेबिन मे भी लगभग 250 बच्चे रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। आरएमएसए बालक-बालिका में 100 बच्चे अध्यनरत है। आश्रम शालाओं मे लाल पानी उगलता हैंडपंप के अलावा पानी का कोई अन्य स्त्रोत नहीं है। बच्चो के स्वास्थ्य के मामले मे प्रशासन भी बेखबर हैं। हाल ही में तारलागुड़ा पोटाकेबिन व संगमपल्ली पोटाकेबिन मे दो बच्चों की मलेरिया से मौत हो गई थी इसको लेकर पूरे शासन-प्रशासन नें हड़कंप मच गया था सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री आकर चले गए हैं वहीं लगातार स्वास्थ्य को लेकर चिंता जाहिर की लेकिन ऐसी परिस्थितियों की ओर सम्बंधितो का ध्यान नहीं हैं।

#### एक साल से खराब पड़ी फिल्टर मशीन

समग्र शिक्षा रेसिडेंशियल कन्या आवासीय विद्यालय तारलागुडा परिसर मे फिल्टर प्लांट लगाया गया हैं लेकिन वह एक साल से ख़राब पड़ा हुआ हैं बच्चे हैंडपंप से निकलता हुआ लाल व दूषित पानी पी रहे हैं आश्रमो मे मौत कि घटनाएं सामने आने के बाद भी प्रशासन सख्त नहीं हैं एक साल से खराब पड़े फिल्टर प्लांट को बनाने की कवायद नहीं की गई है ऐसे में क्या उम्मीद करें कि बच्चे स्वास्थ्य रहेंगे।

#### मौत की घटनाओं के बाद भी सबक नहीं

लगातार हुई मौत कि घटनाओं के बाद भी विभाग बेखबर हैं बीमारियों से बचने के लिए विभाग कोई ठोस उपाय करता नजर नहीं आ रहा हैं तारलागुडा आश्रम शालाओं मे लाल पानी के घेरे मे बच्चे हैं बोरिंग से निकलता पानी जंग खाया हुआ बदबू भी मारता हैं साफ सुथरा करने वाले उपकरण खराब पड़े हुए हैं।

#### पोटाकेबिन का पानी ठीक है

पीएचई के उपअभियंता बीआर बंजारे ने बताया कि कोत्तूर पंचायत के तारलागुड़ा में आयरन की मात्रा है, कुछ हेंडपम्प को बंद करना पड़ा लेकिन पोटाकेबिन का पानी ठीक है 0.3 पीपीएम से 0.7 पीपीएम तक आयरन की मात्रा है। यहां पानी पीने योग्य है, फ्लोराइड की मात्रा बिल्कुल नहीं है। कोत्तुर में 31 और तारलागुड़ा में 11 हेंडपम्प है। हरिजन पारा, थाना के पास और पोटाकेबिन के पास के तीन हेंडपम्पो में आयरन की मात्रा अधिक होने से उन्हें बंद करना पड़ा।

### सब इंजीनियर ने कहा मौके पर जाकर काम देखता हूं

# नाली निर्माण में कार्य की गुणवत्ता से ग्रामीण नाखुश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बकावंड

बकावंड विकासखंड के ग्राम पंचायत कुम्हरावंड के कड़ीगुड़ा पारा में 170 मीटर नाली का निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण कार्य की जिम्मेदारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को दी गई है।

विभाग के सब इंजीनियर नाली की गुणवत्ता का ध्यान नहीं रख रहे हैं। बिना बेस के नाली की दीवारें बनाई जा रही है। नाली निर्माण में सीमेंट कम मात्रा से उपयोग की जा रही है। वहीं गारा बनाने के लिए जो रेत इस्तेमाल की जा रही है, वह पूरी तरह से मिट्टीयुक्त है। बेस महज 2 से 3 इंच तक डाला गया





है। नाली कमजोर होने से धसकने लगी है। सड़क पर बाईक या कोई बड़ा वाहन गुजरता है, तो नाली तेजी से ढहने लग जाती है। नाली निर्माण से बस्ती के ग्रामीण खुश नहीं हैं वे भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं। वहीं निर्माण कार्य कराने वाले इंजीनियर संतोष बंबेश्वर का कहना है कि जैसा एस्टीमेट बना है, उसी आधार पर नाली बनाई जा रही है, फिर भी मैं मौके पर जाकर निरीक्षण करूंगा।

#### अस्पताल और स्कूलों की दशा में सुधार

सरकारी अस्पतालों और स्कूलों की दशा काफी सुधर चुकी है। सरकारी अस्पतालों में जरूरी संसाधन, आधुनिक उपकरण, पर्याप्त स्टॉफ और विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हो चुके हैं। लोगों का झुकाव सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने की ओर बढ़ा है। इसी तरह सरकारी स्कूलों में भी अब पढ़ाई होने लगी है। लोगों की धारणा स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के प्रति बदल रही है। वहीं लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, जल संसाधन विभाग, पीएचई के निर्माण कार्यों से शिकायतें मिल रही हैं।

# पूरे गांव में नाली खोद काम बंद चोटिल हो रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोंड

बस्तर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदालगांव में जल जीवन मिशन के ठेकेदार की लापरवाही से ग्रामीण हलाकान हैं। इस मिशन के तहत ठेकेदार ने पाइप लाइन बिछाने पूरे गांव की सड़कों के दोनों ओर जेसीबी से नाली खुदवा दिया तथा नाली से मलबा निकाल गांव की सड़कों पर डाल दिया है। इसके साथ ही जगह-जगह सड़क के बीच से नाली निकाल कर सड़क को बाधित कर दिया व सीसी रोड को भी क्षति पहुंचाया है। नाली खोदने के बाद ठेकेदार ने सप्ताह भर से काम बंद कर दिया है। हालिया बारिश से अच्छी खासी सड़क पर पड़ा मलबा कीचड़ में तब्दील हो गया है, जिसमें दुपहिया वाहन चालक और स्कूली बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ठेकेदार की लापरवाही से परेशान ग्रामीण शासन-प्रशासन से उक्त ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

- कई सड़कें बंद, ग्रामीण ठेकेदार पर कार्रवाई करने की कर रहे मांग



## खबर संक्षेप

### आरण्यक ब्राह्मण समाज ने माना आभार



**जगदलपुर।** बस्तर गोंचा महापर्व पर्व के निर्विघ्न संपन्नता को लेकर 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर खंबारी एवं गोंचा महापर्व समिति के अध्यक्ष विवेक पांडे ने छत्तीसगढ़ शासन, जिला प्रशासन, नगर पालिक निगम एवं पुलिस विभाग सहित सभी समाज व अन्य विभागों और समस्त श्रद्धालुओं के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। साथ ही आगामी दिनों में भी श्रीजगन्नाथ मंदिर में आयोजित होने वाले पर्व त्योहारों में आगे भी सहयोग की अपेक्षा की है। उन्होंने बताया कि आज देवशयनी एकादशी पूजा विधान के साथ ही बस्तर गोंचा महापर्व का परायण आगामी वर्ष के लिए होने तथा सभी मांगालिक कार्य पर विराम लग गया है। देवउठनी एकादशी 12 नवम्बर से मांगलिक कार्य फिर से शुरु होंगे। उन्होंने बताया कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी से कार्तिक पक्ष की एकादशी की अवधि में श्रीजगन्नाथ मंदिर में आराधना, हवन, पूजन जारी रहेगा।

### वन महोत्सव आज

**जगदलपुर।** छग शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के बस्तर वन मंडल द्वारा एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन 18 जुलाई को किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव, विशिष्ट अतिथि केदार कश्यप वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता, महेश कश्यप सांसद बस्तर, विनायक गोयल विधायक चित्रकोट, लखेश्वर बघेल विधायक बस्तर, वेदवती कश्यप अध्यक्ष जिला पंचायत जगदलपुर, मनीराम कश्यप उपाध्यक्ष जिला पंचायत, धरमू मंडावी वन सभापति एवं सदस्य जिला पंचायत मौजूद रहेंगें। कार्यक्रम गुरूवार को दोपहर 12 बजे से शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बॉयज हॉस्टल जगदलपुर में आयोजित किया गया है।

### कलेक्टर से मिला अधिवक्ता संघ



**जगदलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य ने कलेक्टर विजय दयाराम के. से मिले। इस दौरान अध्यक्ष अरूण दास, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती हेलिना मोजेस, रमेश पाणीग्राही, श्रीनिवास रथ, संगीता, दीनबंधु रथ आदि शामिल रहे।

# एयरपोर्ट से बोधघाट थाना तक सड़क का होगा उन्नयन व मरम्मत

## पटली हो रही जर्जर, यातायात पुलिस के सहयोग से खड़े ट्रकों को हटाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खबर का असर

संभागीय मुख्यालय एयरपोर्ट से बोधघाट थाना तक सड़क का उन्नयन एवं मरम्मत की जाएगी। इसी सड़क में हुण्डई कार शो-रूम के पास सड़क के दोनों ओर ट्रकों के खड़े रहने से जहां सड़क की पटली जर्जर हो रही है, वाहनों से जाम हो रहा है। यहां कारण है इसी सड़क में दुर्घटनाएं भी होती रहती है। इसकी हरिभूमि ने समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया, इससे लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक एक के कार्यपालन अभियंता एके सिंह, एसडीओ एसएन साहा, उपयंत्री गोकुल पात्र टीम के साथ स्थल पर बुधवार को पहुंचे। टीम ने स्थल का निरीक्षण किया। उसी दौरान ईई श्री सिंह ने बताया कि इस सड़क के उन्नयन एवं मरम्मत शीघ्र शुरू किया जाएगा, इससे पूर्व यातायात पुलिस के प्रयास से सड़क के दोनों ओर खड़ी ट्रकों को हटाया जाएगा। उसके बाद निर्माण कार्य किया जाएगा, क्योंकि कार्य के लिए निर्माण सामग्री स्थल पहुंचाया गया है, ट्रकों को हटाने का इंतजार है।

### तेज रफ्तार से चल रही वाहनें

बताया जा रहा है कि सड़क में शो-रूम के पास अंधा मोड़ है, जहां पीडब्ल्यूडी की ओर से अंधा मोड़ का बोर्ड लगा है, उसके बाद भी वाहन तेज रफ्तार से चल रही है, जिससे दुर्घटनाओं का सबब है।





### ट्रकों से हो रही दुर्घटनाएं

पीडब्ल्यूडी के ईई श्री सिंह ने बताया कि हालांकि इस सड़क में गड्ढे नहीं है, दुर्घटनाएं खड़ी ट्रकों से हो रही है। ट्रकें हटने से दुर्घटना की संभावना नहीं होगी।

## भाजपा का मतदाता आभार अभिनंदन समारोह

# जनता का विश्वास सदैव भाजपा के साथ : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को बस्तर विधानसभा क्षेत्र के करपावण्ड में मतदाता आभार एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। जिसमें

- बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के समग्र विकास का लक्ष्य लेकर कार्य कर रही विष्णुदेव साय सरकार : केदार

प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, वनमंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप शामिल हुए और बस्तर विधानसभा क्षेत्र की जनता व समस्त मतदाताओं का लोकसभा चुनाव में भाजपा पर विश्वास व्यक्त कर विजयी बनाने के लिये आभार माना।

किरण देव ने कहा कि जनता का विश्वास सदैव भाजपा के साथ है। जनता के आशीर्वाद से ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार स्थापित हुई है और केन्द्र में निरंतर तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व कर रहे हैं। जनता की सेवा व देश का विकास भाजपा का संकल्प है। बस्तर को बेहतर बनाने और छत्तीसगढ़ को विकास की बुलंदियों में ले जाने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार दिन रात काम कर रही है।

केदार कश्यप ने कहा कि प्रदेश से कांग्रेस के कुशासन को उखाड़ फेंकने का बड़ा काम जनता ने किया है। विगत सात महीने में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार ने जनता से किये वायदों व मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया। बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के समग्र विकास का लक्ष्य लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं व प्रदेश की भाजपा सरकार की योजनाओं का पूर्ण लाभ जन जन को मिले, इस दिशा में ठोस कार्य सतत हो रहे हैं। समारोह को पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, जिला अध्यक्ष रुपसिंह मण्डावी, बस्तर लोकसभा संयोजक श्रीनिवास राव मद्दी, पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री वेदप्रकाश पाण्डेय ने किया। मतदाता अभिनंदन समारोह में प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, मण्डल अध्यक्ष परिस बेसरा, धनुर्जय कश्यप, उदबोराम नाग, नारायण बिसाई, व्हीआर राजपूत, जितेन्द्र पाणिग्राही, पुरूषोत्तम जोशी सहित मतदाता कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।




### डबल इंजन की सरकार बस्तर विकास में अग्रसर

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस वर्षों के कार्य व योजनाओं पर विश्वास की मुहर लगायी व भाजपा को विजयी बनाया। क्षेत्र की जनता, मतदाताओं व भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं के प्रति हृदय से आभार है। बस्तर के निरंतर विकास व आम बस्तरिया की छोटी से छोटी समस्या का समाधान शीघ्रता से हो, इस दिशा में संकल्प के साथ कार्य होंगे। डबल इंजन की सरकार बस्तर को विकास के हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिये काम कर रही है।

# योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ हितग्राहियों को मिले : केदार



**बीजापुर।** एक दिवसीय प्रवास पर मंगलवार को बीजापुर पहुंचे छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता, संसदीय कार्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बस्तर के लोकसभा सांसद महेश कश्यप विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति, वन विभाग, खाद्य, जल संसाधन, राजस्व सहित सभी विभागों के कार्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री कश्यप ने केन्द्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना समीक्षा करते हुए अंदरूनी क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

कलेक्टर ने जिले के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना रेल कॉरिडोर का प्रस्ताव भी अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया। गीदम से भोपालपटनम 126 किलोमीटर भोपालपटनम से सिरोंचा तक 110 किलोमीटर कुल 236 किलोमीटर रेल कॉरिडोर से चेन्नई, नागपुर, दिल्ली मेन ट्रंक लाईन में बीजापुर की कनेक्टिविटी हो जाएगा। जिससे नगरनार का लौह अयस्क एचआरसी, स्ट्रीप एवं एनएमडीसी का खनिज परिवहन में भारी सुविधा होगी एवं लागत भी कम आएगा।

# प्रदेश के साढ़े 4 लाख कर्मचारी व डेढ़ लाख पेंशनरों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ के जिला संयोजक अजय प्रताप सिंह परिहार ने बताया कि कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा की 16 जुलाई को बैठक आयोजित किया गया। बैठक में प्रदेश भर से दो दर्जन से अधिक कर्मचारी, अधिकारी एवं शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों नेचुनाव के दौरान राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान देय तिथि से डीए एवं पिछले डीए की एरियर्स राशि को जीपीएफ खाते में समायोजन करने की सरकार द्वारा दी गई।

महासंघ के प्रांतीय सयोजक अनिल शुक्ला एवं मंत्रालयीन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत द्वारा विभिन्न संगठनों के प्रांताध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले सात माह से प्रायः सभी कर्मचारी संगठनों ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री सहित प्रमुख जन प्रतिनिधियों से संपर्क कर केंद्र के समान डीए देने की मांग कर चुके हैं। बैठक विभिन्न संगठनों से सुश्री कांति सूर्यवंशी, भोलाराम कीर, दिलीप कुमार चंदवंशी, शिव गुप्ता, सुखीराम धृतलहरे, सुनील भूमरकर, श्याम लाल साहू, एमएल खांडे, मनोज गिरी गोस्वामी सहित प्रतिनिधि शामिल रहे।

### आंदोलन की होगी घोषणा

महासंघ के जिला संयोजक श्री परिहार ने बताया कि सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 22 जुलाई से विधान सभा सत्र को देखते हुए संयुक्त मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश के वित्तमंत्री, मुख्यमंत्री सहित अन्य जन प्रतिनिधियों से मिलकर अपनी मांग रखेगा। जुलाई महांत तक सरकार ने डीए की घोषणा नहीं किया तो आगमी माह अगस्त में प्रदेश व्यापी आंदोलन करने की घोषणा कर दी जाएगी।

# एकल शिक्षक के भरोसे आश्रम शाला

## अधीक्षक ने पांच माह पहले आश्रम छोड़ा, लेकिन नहीं दिया चार्ज, व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

बीजापुर जिले के ब्लॉक मुख्यालय भोपालपटनम से महज 25 किलोमीटर दूर चन्दूर बालक आश्रम शाला में एकल शिक्षक के भरोसे आश्रम शाला संचालित हैं। यहां की स्थिति दयनीय हैं। मार्च माह में यहां पदस्थ अधीक्षक चिड़ेम नारायण का तबादला उसूर ब्लॉक के धर्मावरम में हुआ था। लेकिन पांच माह बीत जाने के बाद भी किसी को चार्ज नही दिया गया। बीईओ प्रवीण लाल कुड़ेम नें वैकल्पिक व्यवस्था के लिए वहां पदस्थ शिक्षक हृदय राम जनगंटी सहायक शिक्षक को कार्य करने को कहा। उनके पास किसी भी प्रकार नियुक्ति का लिखित आदेश नहीं हैं। वे मौखिक तौर पर कार्य कर रहे हैं। जनगंटी ने बताया कि मेरे पास कैश बुक है न ही पास बुक या कोई उच्च अधिकारियों का आदेश है। यह संचालित आश्रम शाला में 7 बच्चे अध्ययनरत हैं। जिसमें तीन बच्चे आश्रम में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वहीं 4 बच्चे गांव से आते हैं। उन्हें पढ़ाने के लिए अधीक्षक के अलावा कोई अन्य शिक्षक शाला में नहीं हैं। शिक्षा व्यवस्था की बदहाली चिंता जनक हैं। आए दिन व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं, लेकिन व्यवस्था सुधारने कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा हैं।

### अधीक्षक ने नहीं दिया चार्ज

अधीक्षक चिड़ेम नारायण का प्रमोशन पर तबादला दूसरे ब्लॉक के धर्मावरम स्कूल में पांच माह पहले हुआ था। लेकिन पांच माह बीत जाने के बाद भी अभी तक उस आश्रम शाला का प्रभार किसी को नही सौंपा गया। नया सत्र शुरू होने के बाद यहां आश्रम शाला की व्यवस्था पर अधिकारियों का ध्यान नही है। यहां पदस्थ एकल शिक्षक द्वारा मौखिक आदेश पर आश्रम का संचालन किया जा रहा है।




### ट्राइबल आश्रमों की स्थिति खराब

चंदूर के आश्रम शाला में सदानंदम दुबा तीसरी, आलम लक्ष्मण पांचवी, जयजल चरण तीसरी क्लास के बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, उनके साथ चार बच्चे चन्दूर गांव से आते हैं। इधर ब्लॉक में देखे तो आश्रम शालाओं की स्थिति दयनीय हैं। गंदगी पसरी हुई हैं जगह-जगह गड्डों में पानी जमा रहता हैं। जहां बच्चे सोते हैं वहां बदबू आती हैं। आश्रम संचालन के लिए अधीक्षक

### कलेक्टर के आदेश की अहवेलना

जिला कलेक्टर ने सभी आश्रम शालाओं में भोजन का मीनू तैयार कर इसे कड़ाई से पालन करने के निर्देश अधीक्षकों को दिए थे। लेकिन बालक आश्रम चन्दूर में ना ही मीनू लगा है, ना ही इसके आधार पर भोजन दिया जा रहा है। बच्चों को बैठने के लिए कारपेट तक बिछा हुआ नही है। जबकि सभी आश्रम शालाओं में कलेक्टर ने साफ-सफाई और कारपेट बिछाने को कहा है, यहां आदेश का उल्लंघन हो रहा हैं। चंदूर आश्रम शाला में मीनू चार्ट नहीं लगाया गया हैं और जहां लगाया गया हैं, उस आधार पर भोजन नहीं मिल रहा हैं। बच्चों को भोजन में दाल चावल खिलाया जा रहा हैं। ब्लॉक में अधिकारियों के निरीक्षण की कमी हैं।

### एसी ट्राइबल को दी है जानकारी

मंडल संयोजक नंद कुमार माराकोंडा ने बताया कि मार्च माह में चन्दूर अधीक्षक का तबादला उसूर ब्लॉक में हुआ है। अब तक उसने चार्ज नहीं दिया है। यहां पर अधीक्षक बनना कोई नहीं चाहता है, क्योंकि यहां बच्चे कम हैं। नए सत्र शुरू होने के बाद से अभी वहां पदस्थ शिक्षक को संचालन का मौखिक आदेश दिए है। मैंने इसकी जानकारी एसी ट्राइबल को दे दी है।

### वैकल्पिक व्यवस्था की है

प्रवीण लाल कुड़ेम बीईओ ने बताया कि वहां के अधीक्षक का ट्रांसफर हुआ हैं। बालक आश्रम शाला चन्दूर में नारायण जनगंटी को वैकल्पिक व्यवस्था के हिसाब से नियुक्त किया गया हैं।

# निर्माण कार्यों को पूर्ण करने दें सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्माण कार्यों को पूर्ण करने में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। विशेष कर बस्तर, बास्तानार जनपद में लक्ष्य के आधार पर आवश्यक प्रगति दें। कलेक्टर ने जिले में खनिज राजस्व वृद्धि हेतु सभी निर्माण एजेंसियों को खनिज रॉयल्टी की राशि तत्काल जमा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर विजय मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए।



समय-सीमा की बैठक में समय-सीमा के प्रकरण, जन चौपाल, जन शिकायत पर चर्चा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किए। विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की साप्ताहिक समीक्षा में कृषि विभाग और संबद्ध विभाग पशुधन, मत्स्य, उद्यानिकी द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड तैयार करने एवं सहकारी केंद्रीय बैंक तथा अन्य बैंकों में प्रस्तुत केसीसी प्रकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने खाद-बीज की उपलब्धता और आवश्यकता की जानकारी सातों ब्लॉकों के ग्रामीण विस्तार अधिकारियों से लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## 3 करोड़ 24 लाख 37 हजार के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

# सरकार का प्रयास गांव के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पहुंचाना : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/भानपुरी

वनमंत्री केदार कश्यप ने आज नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भानपुरी फरसागुड़ा व खंडसरा में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि विगत 6 माह में राज्य सरकार ने किसानों एवं आम लोगों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर लाभांवित किया जा रहा है। वर्तमान सरकार ने सत्ता संभालते ही किसानों के न्यूनतम समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी करने का निर्णय लेकर खरीदी की। केदार ने कहा कि लोगों को पीने का शुद्ध पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य सुविधा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान किया है और साथ ही प्रति मानक बोरा पर 1500 रुपए बढ़कर 5500 रुपए में तेंदूपत्ता का खरीदी किया है और जिसका भुगतान ग्रामीणों को नगद किया जा रहा।



मंत्री कश्यप ने कहा कि राज्य शासन का प्रयास है कि विकास और विश्वास को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए मूलभूत सुविधाओं के साथ साथ आम आदमी की जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं। शासन द्वारा किये गये प्रयासों के फलस्वरूप बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल, आश्रम छात्रावास खोले जा रहे है। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत तहत बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नए सुरक्षा कैंप खोलकर, कैंप के आसपास के गांवों में मूलभूत सुविधाओं के साथ अधोसंरचना का भी विकास किया जा रहा है। वहीं बिजली पानी के सुविधा के साथ साथ खाद्यान, सड़क, पुल पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा सभी वर्गों के विकास और कल्याण को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की गई योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को लाभांवित करना है।

### महतारी वंदन योजना की ली जानकारी

मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित महतारियों से चर्चा करते हुए महतारी वंदन योजना के बारे में पूछा और योजनांतर्गत मिलने वाली राशि की जानकारी ली। इस दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत बस्तर वेदवती कश्यप, जनपद अध्यक्ष बस्तर टिकेश्वरी मंडावी, जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, भानपुरी मंडल अध्यक्ष संतोष बघेल, विजय पाण्डेय, खितेश मौर्य, हरदेव बघेल, मनीराम बघेल, तिरसिंग बघेल, नड़गी पटेल, बालनाथ एवं अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124